कार्यालय–जिला कार्यक्रम अधिकारी, आई0सी0डी0एस0–सीतापुर।

पत्रांक C-1697/ जि0का0अ0 / पो0 एवं स्वा0 / 2021–22 दिनांक– 11 जनवरी, 2022

समस्त,
बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी,
जनपद–सीतापुर।

विषय– कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु ग्रेडेड रिस्पान्स के संबन्ध में दिशा–निर्देश।

उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–34 / 2022–सीएक्स–3 गृह (गोपन) अनुभाग–3, लखनऊ दिनांक 05 जनवरी, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम हेतु प्रदेश के सभी आंगनवाडी केन्द्र दिनांक 06.01.2022 से 16.01.2022 तक पूर्णतया बन्द रहेंगे परन्तु बच्चों को अनुपूरक पुष्टाहार सामग्री उनके आवास पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त के कम में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि परियोजना में संचालित समस्त आंगनवाडी केन्द्र दिनांक 06.01.2022 से 16.01.2022 तक पूर्णतया बन्द रहेंगे। ऐसी स्थित में अपने स्तर से समस्त आंगनवाडी कार्यकर्त्री एवं सहायिकाओं को निर्देशित करें कि कोविड–19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए नेफेड द्वारा आपूर्तित ड्राई राशन का आंगनवाडी केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों को उनके आवास पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। उपरोक्त दिशा–निर्देशों का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

संलग्नक–यथोक्त।

11/01/22
(राजकपूर)
जिला कार्यक्रम अधिकारी,
सीतापुर।

पृष्ठांकन– /तद्दिनांक।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, लखनऊ।
2– जिलाधिकारी महोदय, सीतापुर।
3– मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
सीतापुर।